# लखनऊ निवेशक सम्मेलन में मिले 56,292 करोड़ के निवेश प्रस्ताव

## उद्यमियों के 331 प्रस्तावों में से 262 के साथ हुआ अनुबंध

अमर उजाला ब्यूरो

**लखनऊ।** ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट से पहले मंगलवार को राजधानी में हुए निवेशक सम्मेलन में 56292 करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। सबसे ज्यादा निवेश प्रस्ताव रियल एस्टेट क्षेत्र में मिले। वहीं 15485 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव लखनऊ विकास प्राधिकरण के सहयोग से मिले। अधिकारियों के मुताबिक इन निवेश प्रस्तावों से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से करीब एक लाख रोजगार सृजित होंगे।

राजधानी के इंदिरागांधी प्रतिष्ठान में मंगलवार को हुए निवेशक सम्मेलन में उद्यमियों ने 331 निवेश प्रस्ताव दिए। इनमें से 262 के साथ अनुबंध पर हस्ताक्षर हुए, जिनका कुल मूल्य करीब 56292 करोड़ रुपये है। रियल एस्टेट के अलावा डिफेंस, लॉजिस्टिक पार्क के लिए निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। रियल एस्टेट में सुल्तानपुर रोड पर चार इंटीग्रेटेड टाउनशिप के अलावा पूर्व में लाइसेंस प्राप्त दो हाइटेक टाउनशिप में शहीद पथ और रायबरेली रोड पर प्रोजक्ट आएंगे।

**विभागीय प्रक्रिया बना रहे सुगम :** डीएम सूर्यपाल गंगवार ने बताया कि निजी निवेश को बढ़ावा देने के लिए लखनऊ में जरूरी माहौल तैयार किया गया है। उद्योगों के लिए जमीन सुनिश्चित हो सके, इसके लिए सरकारी नीतियों में लाभ देने के अलावा विभागीय स्तर पर प्रक्रिया सुगम बनाई जा रही है। इसमें कृषि से गैर कृषि उपयोग के लिए जमीन का भू-उपयोग करने की प्रक्रिया सात दिन में पूरी कर ली जाएगी। इसी तरह 12.5 एकड़ से अधिक जमीन की खरीद करने पर जरूरी अनुमति भी जल्द दी जाएगी।

जमीन अधिग्रहण के लिए सुगम माहौल निवेशकों को दिया जाएगा। इसके लिए आवेदन करते समय ही निवेशक को केवल बताना होगा कि किस उद्देश्य से जमीन खरीदी गई है। इसके बाद पूरी प्रक्रिया को फास्ट ट्रैक करा दिया जाएगा। नए उद्योग लगने से आने वाले दिनों में अविकसित क्षेत्रों में भी विकास और सुविधाएं पहुंचेंगी।

>> संबंधित पेज 2

### ■ डिफेंस, लॉजिस्टिक पार्क के साथ रियल एस्टेट क्षेत्र में सबसे अधिक मिले निवेश प्रस्ताव




लखनऊ में हुए निवेशक सम्मेलन में डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर, राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिलदेव अग्रवाल व उद्यमी। - संवाद

### लखनऊ में रोड शो आज

ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के तहत बुधवार को लखनऊ में रोड शो होगा। औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने बताया कि शहीद पथ स्थित एक होटल में आयोजित होने वाले रोड शो में करीब 50 हजार करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त होने की संभावना है। उधर, अब मंडल मुख्यालयों पर भी रोड शो आयोजित होंगे। इसकी शुरुआत प्रयागराज में 15 जनवरी से होगी।

### यूपी का माहौल बदला, आज दुनिया यहां निवेश को उत्सुक : पाठक

निवेशक सम्मेलन में डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि यूपी में पहले गुंडे बंदूकें लेकर खुलेआम घूमते थे, भय का माहौल था। आज सुरक्षित और बेहतर माहौल है, जिससे दुनिया भर के उद्यमी यहां निवेश करने को उत्सुक हैं। पाठक ने कहा कि सीएम योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में हम 16 देशों में गए। प्रदेश में निवेश के लिए अब तक 17 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। जिस तरह से उद्यमी यूपी में निवेश के लिए उत्सुक हैं। उससे उम्मीद है कि यूपी औद्योगिक विकास में सबको पीछे छोड़ देगा। उन्होंने कहा कि ब्रिटेन ने हमारे देश पर राज किया था, उसे आज हमने आर्थिक पैमाने पर पीछे छोड़ दिया है।